सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 22 जुलाई, 2024

प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर द्वारा श्री नित्यानंद जन सेवा समिति आर्य समाज मंदिर स्कूल के नवीनीकरण के कार्य सृजन के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया गया। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती कौर ने कार्यक्रम में 25 स्वयं सेवियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि श्रीमती गुरमीत कौर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में चित्रकारी का कार्य छात्र–छात्राओं के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिसर की दीवारों के अलावा कक्षाओं के अंदर जिस प्रकार की चित्रकारी की गई है, विद्यार्थियों को संदेश देने का प्रयास किया गया है यह बहुत सराहनीय है।

प्रथम महिला श्रीमती कौर ने कहा कि समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों से छात्र–छात्राओं को बेहतर परिवेश मिल सकेगा और उनमें सकारात्मक विचारों की उत्पत्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बीच की दूरी कम हो सकेगी। इस प्रोजेक्ट की विशेष बात यह है कि यह सारा कार्य समिति के स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान करते हुए किया गया है, जो की आज की युवा पीढ़ी के समाज के प्रति सृजनशीलता को दर्शाता है।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने श्री स्वामी को भावहीन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी जी का जीवन प्रेरणादायक रहा और वह बेहद ही सहज और सौम्या स्वभाव के व्यक्ति थे और मुझे उनके सानिध्य में रहकर कई वर्षों तक कार्य करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। मुझे खुशी है कि समिति लगातार स्वामी जी के दिखाए गए मार्ग पर चलने का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना शर्मा कोषाध्यक्ष के. के. अग्रवाल, सदस्य पी. पी. शर्मा, शुभा वर्मा, युवा संगठन जय के, अध्यक्ष विनायक शर्मा स्वामी, प्रेरणा गुलाटी, नितिका शर्मा, रितु, सिमरन राखी, विदित आदि उपस्थित थे।

............0............